# वार्षिक पाठ्यक्रम
# कक्षा- छठी (2022 – 2023)
# विषय: गणित (स्तर– 1)

| अध्याय | विषयवस्तु तथा उसका पिछली कक्षाओं के साथ मापन | अधिगम संप्राप्ति | सुझावात्मक क्रियाकलाप |
|---|---|---|---|
| **अध्याय 1 अपनी संख्याओं की जानकारी** | **कक्षा IV**– भूमिका, संख्याओं की तुलना, संख्याओं का चलन (लाख)<br>**(कार्यपत्रक संख्या 9,11,37,61 का प्रयोग कीजिए)**<br><br>**कक्षा V**– भूमिका, संख्याओं की तुलना, संख्याओं का चलन (करोड़)<br>**(कार्यपत्रक संख्या 4,7,9 का प्रयोग कीजिए)**<br><br>**कक्षा VI** – भूमिका, संख्याओं की तुलना, आकलन/अनुमान निकटतम दहाई, सैकड़ों, हजारों, योग और अंतर, गुणनफल, रोमन संख्यांक<br>**(कार्यपत्रक संख्या 1,3,4,7,9,10,11,12,13 का प्रयोग कीजिए)** | विद्यार्थी:<br>● भारतीय संख्या पद्धति और अंतर्राष्ट्रीय संख्या पद्धति के बीच अंतर कर सकेंगे।<br>● दी गई संख्याओं का आकलन/अनुमान कर सकेंगे। | ● अपने विद्यालय के कमरों की संख्या गिनें।<br>● छठी कक्षा के सभी वर्गों में छात्रों की संख्या ज्ञात कीजिए।<br>● समूह में गिनते हुए गुणा सीखना।<br>● समूह में वस्तु वितरण द्वारा भाग सीखना। |
| **अध्याय 4 आधारभूत ज्यामितीय अवधारणाएँ** | **कक्षा IV**– वृत्त<br>**(कार्यपत्रक संख्या 115,121 का प्रयोग कीजिए)**<br><br>**कक्षा V**– त्रिभुज (आकार तथा कोणों की संख्या), रेखा, कोण<br>**(कार्यपत्रक संख्या 96,100,106 का प्रयोग कीजिए)**<br><br>**कक्षा VI** – भूमिका,बिन्दु,किरण,रेखा,रेखाखण्ड, प्रतिच्छेदी रेखाएं, समानांतर रेखाएं, वक्र, बहुभुज, कोण, त्रिभुज, चतुर्भुज, वृत्त।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 34 का प्रयोग कीजिए)** | विद्यार्थी:<br>● अपने परिवेश में दैनिक उदाहरणों की मदद से ज्यामितीय आकृतियों जैसे बिंदु, किरण, रेखा, रेखाखण्ड, प्रतिच्छेदी रेखाओं, समानांतर रेखाओं की पहचान कर सकेंगे।<br>● अपने आसपास के वातावरण में त्रिभुज, चतुर्भुज,वृत्त और उनके भागों की पहचान कर सकेंगे। | ● दैनिक जीवन से रेखा और रेखा खंड का उदाहरण।<br>● आसपास के परिवेश में से त्रिभुज, चतुर्भुज, और वृत्त की पहचान करना।<br>● सूर्य और मोमबत्ती की रोशनी के विषय पर चर्चा। |

- **उपरोक्त पाठ्यक्रम 30 सितम्बर 2022 तक पूरा करवाना अनिवार्य है।**
- **मेन्टल मैथ्स और गणित प्रयोगशाला से संबंधित गतिविधियाँ।**
- **मध्यावधि परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति ।**

## मध्यावधि परीक्षा – 2022

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अध्याय 5 प्रारंभिक आकारों को समझना** | **कक्षा V**–रेखा को मापना, कोण – सम,सरल, 90° से ज्यादा, 90° से कम , 3D आकृतियाँ<br>**(कार्यपत्रक संख्या 96,100,106,109 का प्रयोग कीजिए)**<br><br>**कक्षा VI** – भूमिका, रेखाखण्डों का मापना, कोण-'समकोण' और 'ऋजुकोण', कोण-'न्यून', 'अधिक' और 'प्रतिवर्ती', कोणों का मापन, लंब रेखाएँ, त्रिभुजों का वर्गीकरण, चतुर्भुज, बहुभुज।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 29,31,32,33 का प्रयोग कीजिए)** | विद्यार्थी :<br>● कोणों को न्यून, अधिक, प्रतिवर्ती, ऋजुकोण और सम्पूर्ण कोण के रूप में वर्गीकृत कर सकेंगे और उन्हें माप कर बना सकेंगे।<br>● भुजाओं और कोणों के आधार पर त्रिभुजों की पहचान कर सकेंगे।<br>● विभिन्न चतुर्भुजों को वर्ग, आयत, समांतर चतुर्भुज, समचतुर्भुज और समलंब के रूप में पहचान कर सकेंगे। | ● परिवेश से आकृतियों के उदाहरण।<br>● अपने आसपास के परिवेश में विभिन्न प्रकार के कोणों तथा त्रिभुजों की पहचान करना I |
| **अध्याय 6 पूर्णांक** | ***कक्षा IV**– जैसा अध्याय 1 में उल्लेखित है।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 9,11,37,61 का प्रयोग कीजिए )**<br><br>***कक्षा V**– जैसा अध्याय 1 में उल्लेखित है।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 96,100,106 का प्रयोग कीजिए )**<br><br>**कक्षा VI**– भूमिका, पूर्णांक, संख्या रेखा पर निरूपण,संख्या रेखा की सहायता से पूर्णांकों का जोड़ और घटा, पूर्णांकों में क्रमबद्धता<br>**(कार्यपत्रक संख्या 14,15,16,17 का प्रयोग कीजिए)**<br>**Note: content not to be taught- section 6.2 except 6.2.1, 6.2.2, section 6.3 exercise 6.2 section 6.4 exercise 6.3** | विद्यार्थी:<br>● पूर्णांकों की पहचान कर संख्या रेखा पर निरूपित कर सकेंगे।<br>● विभिन्न पूर्णांकों की तुलना कर सकेंगे और पूर्णांकों को क्रम में लिख सकेंगे। | ● सीढ़ियों की सहायता से पूर्णांकों को समझाना।<br>● गर्मी और सर्दी में कश्मीर और दिल्ली का तापमान ज्ञात कर इनकी तुलना करना। |
| **अध्याय 7 भिन्न** | **कक्षा IV**– आधा तथा आधे का आधा<br><br>**कक्षा V**– तुल्य भिन्न तथा मिश्रित भिन्नको परिभाषित किए बिना इनके उदाहरण<br>**(कार्यपत्रक संख्या 130,135,141,143 का प्रयोग कीजिए)**<br><br>**कक्षा VI**–भूमिका, एक भिन्न, संख्या रेखा पर भिन्न, उचित भिन्न, विषम भिन्न और मिश्रित भिन्न, तुल्य भिन्न, भिन्न का सरलतम रूप, समान भिन्न, भिन्नों की तुलना, समान भिन्नों का जोड़ और घटा।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 18,19,20,21,22,23 का प्रयोग कीजिए)** | विद्यार्थी:<br>● भिन्न को संख्या रेखा पर निरूपित कर सकेंगे और दिए गए भाग को भिन्न के रूप में छायांकित कर सकेंगे।<br>● भिन्नों को उचित, विषम, मिश्रित और तुल्य और समान भिन्नों के रूप में पहचान सकेंगे।<br>● भिन्नों की तुलना करें, जोड़ें और घटाएं और भिन्नों से संबंधित दैनिक जीवन की समस्याओं को हल कर सकेंगे। | ● कक्षा को भागों में विभाजित करना और भिन्न लिखना।<br>● कागज मोड़ने संबंधित गतिविधियाँ।<br>● रोल प्ले। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अध्याय 8 दशमलव** | **कक्षा IV** – दशांश, शतांश, योग तथा घटा<br><br>**कक्षा VI** भूमिका, दशांश, शतांश, दशमलवों की तुलना, दशमलवों का प्रयोग, दशमलव संख्याओं का जोड़, दशमलव संख्याओं का घटाना। | विद्यार्थी:<br>● दशमलव की पहचान कर सकेंगे और तुलना कर सकेंगे।<br>● दशमलव से संबंधित दैनिक जीवन की समस्याओं को हल कर सकेंगे। | ● दशमलव को समझाने के लिए ग्राफ पेपर का उपयोग।<br>● दैनिक जीवन के उदाहरण जैसे रुपये को पैसे में बदलना, सेमी को मीटर में बदलना आदि। |

- **उपरोक्त पाठ्यक्रम 31 जनवरी 2023 तक पूरा करवाना अनिवार्य है।**
- **मेन्टल मैथ्स और गणित प्रयोगशाला से संबंधित गतिविधियाँ।**
- **वार्षिक परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम की पुनरावृति।**
- **वार्षिक परीक्षा सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित होगी।**

## वार्षिक परीक्षा – 2023

**नोट : उपरोक्त पाठ्यक्रम केवल मूल्यांकन के उद्देश्य से है और शेष विषय-वस्तु /अध्यायों को विषय शिक्षण संवर्धन (Subject Learning Enrichment) के रूप में पढ़ाया जा सकता है।**